Title: Need to accord early approval to the proposal of Govt. of U.P. For construction of a bridge on Bahgul-Ramganga river at Kolaghat in Shahjahanpur.

श्री जितेन्द्र प्रसाद (शाहजहांपुर): शाहजहांपुर में बहगुल-रामगंगा नदी पर कोलाघाट के स्थान पर एक पुल बनाने की मांग लगभग 2-3 दशकों से की जाती रही है और कुछ वर्ष पूर्व उत्तर प्रदेश सरकार ने यहां पर एक पुल बनाने की परियोजना को स्वीकृति भी प्रदान कर दी थी। यह परियोजना कई विकास खंड एवं जनपद बदायूं, फर्रूखाबाद तथा अन्य कई जिलों को जोड़ती है जिससे कई हजार गांवों में लाखों जनता को लाभ पहुंचेगा। उदाहरण के लिए इस पुल के निर्माण से इस प्रदेश के मुख्य उत्पाद, आलू, शकरकंद को मण्डियों तक लाने में 100-200 किलोमीटर दूरी कम हो जायेगी। प्रतिवर्ष बाढ़ आने पर सैंकड़ों किलोमीटर का क्षेत्र प्रभावित होता है। उस समय आवागमन, कृषि उत्पाद का परिवहन प्रायः बिल्कुल ठप्प हो जाता है। इस पुल के बन जाने से आवागमन पूरे वर्ष निर्बाध रूप से हो सकेगा, जिससे लाखों जनता को लाभ पहुंचेगा।

कई वर्ष पूर्व एक भूतपूर्व मुख्यमंत्री इस परियोजना का शिलान्यास भी कर चुके हैं। उत्तर प्रदेश सरकार 1998 तक इस पुल को बन जाने की घोषणा भी कर चुकी है किंतु, अब तक आश्वासनों के अलावा कुछ भी कार्यवाही नहीं हुई है और उक्त परियोजना भू-तल परिवहन मंत्रालय में स्वीकृति हेतु लम्बित है।

मेरा सरकार, विशेष रूप से भूतल परिवहन मंत्रालय से, अनुरोध है कि यह प्रकरण जो कई वर्षों से लंबित है तथा जिसके पूरा न किये जाने के कारण आसपास के अनेक जनपदों के विकास पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है, को प्राथमिकता के आधार पर अविलम्ब पूरा किया जाये, जिससे इस प्रदेश का तीव्रगति से विकास हो सके।